नव भारत

| PUNE | |
|---|---|
| 2 APRIL 2016 | 02 |

2 नवभारत
पुणे /नाशिक
2 अप्रैल 2016

# जितेंद्र जगोता IDSA के नए चेयरमैन निर्वाचित

**पुणे**, सं. इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित जनरल बॉडी की बैठक में अपनी नई एग्जीक्यूटिव कमेटी की घोषणा कर दी गई है. ए-वन ब्यूटी प्रोडक्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर (लीगल व गर्वमेंट अफेयर) जितेंद्र जगोता एसोसिएशन के नए चेयरमैन बनाए गए है. उन्होंने एमवे इंडिया के नेशनल हेड कॉरपोरेट अफेयर्स रजत बनर्जी को पीछे छोड़कर यह स्थान प्राप्त किया. उन्होंने नए चेयरमैन का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी.

नई एग्जीक्यूटिव कमेटी में वाइस चेयरमैन विवेक कटोच, डायरेक्टर कॉरपोरेट अफेयर, ऑरीफलेम, कोषाध्यक्ष रजत बनर्जी नेशनल हेड कॉरपोरेट अफेयर, एमवे इंडिया इंटरप्राइज और सेक्रेटरी मिस रिनी सान्याल, हेड, वर्ल्डवाइड रेगुलेटरी, गर्वमेंट व इंडस्ट्री अफेयर, इंडिया हर्बलाइफ तथा चेयरमैन जितेंद्र जगोता को चुना गया. नई कमेटी ने अमित चड्ढा का भी स्वागत किया, जिन्हें हाल ही में एसोसिएशन का सेक्रेटरी जनरल नियुक्त किया गया है. वह आईडीएसए बोर्ड गैर-निर्वाचित सदस्य हैं